<u>प्रादेशिक समाचार</u>
<u>दिनांक – 02.12.2025 (सुबह – 0830 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1. साहिबगंज में एक हजार करोड़ के अवैध खनन मामले में जांच तेज, इडी ने माइनिंग अफसर समेत 11 को भेजा समन, पूछताछ के लिए बुलाया रांची।
2. जेबीवीएनएल ने विद्युत नियामक आयोग में दायर की टैरिफ पिटीशन, राज्य में बिजली दर में 60 प्रतिशत बढ़ोतरी का प्रस्ताव।
3. राज्य की हेमंत सोरेन सरकार ने केन्द्र पर लगाया झारखंड के साथ भेदभाव करने का आरोप, भाजपा ने कहा– जनता को गुमराह कर रही है सरकार।
4. रांची, पलामू और सिमडेगा समेत राज्य के कई जिलों में कल से चार डिग्री तक गिर सकता है न्यूनतम पारा, सुबह में कोहरा और धुंध छाये रहने की संभावना।
5. श्रीलंका में आयोजित वर्ल्ड पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में रांची के अखलाक खान का शानदार प्रदर्शन, डेडलिफ्ट में स्वर्ण और फुल पावरलिफ्टिंग में जीता रजत पदक।

*********************

साहिबगंज में एक हजार करोड़ रुपये से अधिक के अवैध खनन मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने एक बार फिर जांच तेज कर दी है। इडी ने मामले से जुड़े 11 लोगों को समन जारी कर रांची स्थित कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया है। इनमें साहिबगंज के माइनिंग अफसर, खनन कारोबारी और ठेकेदार शामिल हैं।

*********************

झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड, जेबीवीएनएल ने वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए बिजली दरों में औसतन 60 प्रतिशत तक की भारी वृद्धि करने का प्रस्ताव झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग के समक्ष रखा है। इस सिलसिले में दाखिल की गई इस टैरिफ याचिका में घरेलू उपभोक्ताओं के लिए बिजली दर को मौजूदा स्तर से बढ़ाकर 10 रुपये तीन पैसे प्रति यूनिट करने की मांग की गई है। याचिका में औद्योगिक उपभोक्ताओं के लिए 9 रुपये 10 पैसे प्रति यूनिट तथा कृषि सिंचाई के लिए 5 रुपये तीस पैसे से बढ़ाकर 9 से 10 रुपये प्रति यूनिट करने का प्रस्ताव है।

*********************

राज्य की हेमंत सोरेन सरकार ने एक बार फिर केन्द्र सरकार पर झारखंड के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाया है। पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेन्द्र प्रसाद ने रांची में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि केन्द्रांश नहीं मिलने से राज्य में नल जल योजना प्रभावित हो रही है।

*********************

इधर भाजपा ने कहा है कि राज्य सरकार केन्द्र पर ठीकरा फोड़कर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रही है। पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा कामयाब नहीं होगी। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ पार्टी सड़क से सदन तक आंदोलन करेगी।

*********************

कांग्रेस की राष्ट्रीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा ने एसआइआर को संविधान विरोधी बताया है। रांची में एक प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर उन्होंने कहा कि एसआइआर को लेकर 14 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें देशभर से कार्यकर्ता जुटेंगे। उन्होंने एसआईआर के मुद्दे पर केन्द्र सरकार और चुनाव आयोग की आलोचना की।

*********************

कोडरमा के तिलैया थाना क्षेत्र के बाईपास में बीती रात रेलवे ओवरब्रिज के पास धान लदे ट्रैक्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से एक किसान की मौत हो गई, जबकि तीन किसान गंभीर रूप से घायल हो गए। ट्रैक्टर पर सवार सभी किसान जयनगर के रहने वाले थे और ट्रैक्टर में धान लोड कर तिलैया से कोडरमा की ओर जा रहे थे।

*********************

SIGNATURE TUNE—--GONG

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।
प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

SIGNATURE TUNE—--GONG

*********************

जामताड़ा जिले के कुण्डहित प्रखंड अंतर्गत बाबूपुर गांव में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत जन चौपाल का आयोजन किया गया। जन चौपाल में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व सांसद सुनील सोरेन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। इस दौरान श्री मरांडी ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करेगा।

साउंड बाइट– बाबूलाल मरांडी ऑन स्वदेशी – 10 सेकेंड

*********************

पलामू जिले में एचआईवी संक्रमण के नए मामलों में कमी आयी है। लगातार चले जागरूकता अभियान की वजह से यह सफलता मिली है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

साउंड बाइट– जसप्रीत सिंह, पलामू– 35 सेकेंड

*********************

जमशेदपुर के बिस्टुपुर स्थित गोपाल मैदान में स्टेट हैंडलूम एक्सपो 2025 शुरु हो गया है। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने किया। इस दौरान झारक्राफ्ट के उप निदेशक प्रियदर्शी दारिपदा, जीएम डीआईसी रवि शंकर प्रसाद सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। झारक्राफ्ट द्वारा आयोजित यह राज्य स्तरीय हैंडलूम एक्सपो भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम के तहत संचालित किया जा रहा है। 14 दिसंबर चलने वाले इस एक्सपो में झारखंड सहित विभिन्न राज्यों के बुनकर, कारीगर, सहकारी समितियाँ और स्वयं सहायता समूह भाग ले रहे हैं।

*********************

रांची, पलामू और सिमडेगा समेत राज्य के कई जिलों में कल से न्यूनतम तापमान में चार डिग्री तक की गिरावट दर्ज की जा सकती है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि इस दौरान न्यूनतम पारा 8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।

*********************

श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में आयोजित वर्ल्ड पावरलिफ्टिंग चौंपियनशिप में रांची के कांके निवासी अखलाक खान ने 94 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन किया है। दुनिया के 40 से अधिक देशों के खिलाड़ियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद अखलाक खान ने दमदार प्रदर्शन कर डेड लिफ्ट में स्वर्ण पदक और फुल पावरलिफ्टिंग में रजत पदक जीतकर झारखंड और भारत का नाम रोशन किया।

*********************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>

- रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने झारखंड में बिजली दर में बढ़ोतरी के प्रस्ताव की खबर को प्रमुखता दी है।
- दैनिक भास्कर ने लिखा है– इस बार जैक ही लेगा 8वीं, 9वीं और 11वीं की परीक्षा।
- प्रभात खबर की सुर्खी है– क्रिकेटरों को लेने आया विमान विलंब से उतरा, कुहासे ने डाली बाधा।
- हिन्दुस्तान के शब्द हैं– चौबे के परिजनों से एसीबी ने मांगा संपत्ति का ब्योरा।
- दैनिक जागरण के अनुसार– सभी स्मार्टफोन में प्री लोड मिलेगा साइबर सुरक्षा एप संचार साथी।
- अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन एसआईआर मुद्दे पर हुए हंगामे की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

*********************